# नाव से बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे कलेक्टर और एसपी, विधायक भी रहे साथ : प्रभावितों से की बात, हर संभव मदद का दिया भरोसा

## कलेक्टर रानू साहू और एसपी अभिषेक मीणा ने किया राहत शिविरों का निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश






**रायगढ़।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच कलेक्टर रानू साहू और एसपी अभिषेक मीणा आज नाव से बाढ़ प्रभावित इलाकों के निरीक्षण में पहुंचे। विधायक प्रकाश नायक भी इस दौरान साथ रहे। यहां उन्होंने बाढ़ से प्रभावित बस्तियों में जाकर वहां के हालात देखे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया तथा विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा भी इस दौरान उपस्थित रहे।

कलेक्टर साहू और एसपी मीणा ने राहत शिविरों में शिफ्ट किए लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित सूरजगढ़ में पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। इसके बाद नाव से बोरिदा पहुंचे तथा वहां जलभराव की स्थिति को देखा तथा प्रभावित निवासियों तथा पशुधन के राहत शिविर में शिफ्टिंग के बारे में जानकारी ली। पडिग़ांव, सरिया, छिछोरउमरिया में बने राहत शिविरों का भी कलेक्टर साहू और एसपी मीणा ने निरीक्षण किया। उन्होंने यहां शिफ्ट किए लोगों से मिल उनका हालचाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिया। कलेक्टर साहू ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों के आवास, स्वास्थ्य और खान-पान का पूरा ध्यान रखने तथा उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही परसापाली, चंगोरी, खपरापाली का भी उन्होंने निरीक्षण किया।

**राजस्व अधिकारियों से कहा क्षति का करे आंकलन-** कलेक्टर साहू ने बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। जिससे प्रभावितों को मुआवजे की राशि जल्द दी जा सके। कलेक्टर साहू ने खपरापाली में बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण करते हुए सरपंच नित्यानंद भोय से बातचीत की एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत शिविर में जाने की समझाइश दी एवं अन्य लोगों को समझाइश देने के निर्देश दिए।

**हर शिविर में तैनात करें एमबीबीएस डॉक्टर, हो एंटी वेनम का पर्याप्त स्टॉक-** कलेक्टर रानू साहू ने आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर प्रत्येक राहत शिविर में एक एमबीबीएस डॉक्टर तैनात रखने के लिए सीएमएचओ डॉ.केशरी को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने पर्याप्त दवाई के साथ बाढ़ की स्थिति में सर्पदंश के उपचार के लिए एंटी वेनम रखने के निर्देश दिए।

**राहत शिविर में कलेक्टर ने चख के देखा खाना, क्वालिटी बरकरार रखने के निर्देश-** पुसौर विकासखंड के पडिग़ांव शासकीय स्कूल में लगाए गए राहत शिविर का कलेक्टर रानू साहू ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राहत शिविर में आश्रय लिए हुए लोगों से चर्चा कर भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान बनाए जा रहे भोजन को उन्होंने चख कर देखा और सीईओ जनपद को खाने की क्वालिटी मेंटेन रखने के निर्देश दिए।

**प्रत्येक प्रभावित गांव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त-** आपदा प्रबंधन शाखा के प्रभारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन की ओर से जिले के तटवर्ती 41 पंचायतों में 67 गांवों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। जिले में फिलहाल 29 गांव बाढ़ से अधिक प्रभावित हैं। जिनमें सरिया के 22, पुसौर के 5 और सारंगढ़ के 2 गांव शामिल हैं। कलेक्टर रानू साहू ने सभी 41 पंचायतों में हालातों पर नजर रखने व राहत एवं बचाव कार्य में विभागीय समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। पुसौर तहसील में परसापाली, खपरापाली, सूरजगढ़, पडिग़ांव, चंगोरी अभी प्रभावित है। शिविर छिछोरउमरिया व पडिगांव में लगे हुए है। शिविर में अभी 500 से अधिक है। सारंगढ़ में टिमरलगा, छोटे घोटला, छतौना ये गांव प्रभावित है। टिमरलगा शिविर में 175 लोग है और छतौना शिविर की अब तैयारी शुरू हो गयी है। ईई इरिगेशन ने बताया कि महानदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। 02 बजे की स्थिति में कलमा बैराज के सभी 66 गेट खुले हुए हैं।

## केलो डैम के निरीक्षण में पहुंची कलेक्टर : जलभराव का लिया जायजा

### चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर रेलवे के अधिकारियों के साथ मीटिंग के लिए निगम आयुक्त को दिए निर्देश



**रायगढ़ ।** जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। जिले में स्थित बांधों में भी जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इसी बीच कलेक्टर रानू साहू केलो डैम के निरीक्षण में पहुंची। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा और नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी इस दौरान साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रानू साहू ने केलो डैम के प्रभारी कार्यपालन अभियंता फुलेकर से बांध में जलभराव की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि अभी बांध का एक गेट 20 सेमी खुला है। जहां से 25 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है। बारिश से पहले भी एक ही गेट खुला हुआ था। लेकिन पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से बांध के कैचमेंट एरिया तमनार और लैलूंगा से पानी बांध में पहुंचा जिससे जलस्तर भी तेजी से बढ़ा। इसको देखते हुए बांध के 6 गेट खोले गए थे। जिससे 650 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा था। कलेक्टर साहू ने केलो बांध से पानी छोड़े जाने से शहर के प्रभावित हिस्सों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में जल्द रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। जिससे जल्द कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने उद्योगों द्वारा यहां से पानी लिए जाने व उसके शुल्क अदायगी के बारे में भी जानकारी ली।

**जलस्तर पर लगातार रखी जा रही नजर-** जिले में हालांकि बारिश कल से थमी है। लेकिन प्रदेश के दूसरे हिस्सों में बांधों से छोड़े जा रहे पानी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। कलेक्टर रानू साहू ने सभी अधिकारियों को फील्ड में रहकर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इस बीच राहत शिविरों में भी पूरी व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि सरिया में 4, सारंगढ़ में 1 और पुसौर में 2 राहत शिविर बनाए गए हैं। यहां लोगों के ठहरने, खाने-पीने और इलाज की व्यवस्था की गई है।

## आपात स्थिति से निपटने जीवन रक्षक उपकरणों के साथ कटक से पहुंची एनडीआरएफ की तीन टीम

### दो टीम सरिया और एक पुसौर में होगी तैनात



जिले में बारिश एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट परिसर से कटक से पहुंचे एनडीआरएफ की टीम को सरिया एवं पुसौर के लिए रवाना किया। कलेक्टर साहू ने एनडीआरएफ के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन लगातार बारिश एवं बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके कारण जिले के सरिया व पुसौर क्षेत्र में जलस्तर बढऩे की संभावना के साथ किसी भी प्रकार की जनहानि न हो, इसको देखते हुए इन इलाकों के लिए विशेष अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर साहू ने टीम के सभी सदस्य को कर्तव्यों के बेहतर निर्वहन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अविनाश मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर. एच.पाण्डेय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं एनडीआरएफ की टीम मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि एनडीआरएफ की टीम विशेष प्राकृतिक आपदा में रेस्क्यू के लिए जानी जाती है। एनडीआरएफ टीम के विश्वनाथ चौधरी ने बताया कि अभी 3 टीम मौजूद है, साथ ही पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक उपकरण की व्यवस्था है। इनमें से 2 टीमों को सरिया और 1 को पुसौर में तैनात किया जाएगा।

**बाढ़ प्रभावित गांवों के स्कूलों में 18 अगस्त तक रहेगा अवकाश-** जिला शिक्षाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर रायगढ़ जिले के पुसौर एवं बरमकेला विकासखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम के शालाओं में दिनांक 16, 17 एवं 18 अगस्त को बच्चों के लिए अवकाश होगा। स्कूल के शिक्षक, रसोईया और सफाई कर्मी को बाढ़ राहत कैंप में सहयोग के लिए निर्देशित किया गया है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत पहुंचाने के कार्य में जुटी जिला प्रशासन और पुलिस




**रायगढ़।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच कल रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर रानू साहू और एसपी अभिषेक मीणा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे और राहत कार्यो का जायजा लिया गया। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस की टीम प्रभावित गांवों में में मुनादी कराकर लोगों को चिन्हांकित राहत शिविरों में ठहराने का काम किया गया है। विधायक एवं अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को राहत शिविरों में राशन, खाने पीने के समान, बिजली, दवाईयां एवं मवेशियों के चारे की व्यवस्था के साथ जरूरी दिशा-निर्देश दिए निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अविनाश मिश्रा, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा भी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देश पर एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल एवं थाना प्रभारी सरिया स्थिति पर निगाह रखे हुए है। आज स्थानीय प्रशासन व थाना प्रभारी सरिया अपने स्टाफ के साथ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य वस्तुएं एवं आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया।

# रायगढ़ जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ

## स्वतंत्रता दिवस पर उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने रायगढ़ में किया ध्वजारोहण








**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिले में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ हर्ष व उल्लास के साथ मनायी गयी। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने ध्वजारोहण किया। पुलिस टुकड़ी ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाये गये और विकास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। इस अवसर पर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, कलेक्टर रानू साहू, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में परेड की सलामी के पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में 6वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना व एनसीसी कैडेट की टुकडिय़ों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। समारोह में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टाइलो मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात महेश्वर नाग, एसडीएम गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

**स्टेट मेरिट में आए विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित-** स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जिन्होंने 10वीं और 12वीं की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया। इनमें कक्षा 10 वीं की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले कु.सुमन पटेल, कु.मुस्कान अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, कु.नेहा तिवारी, कु.देवकी पटेल, कु.रितु साव, खीरमति राठिया, कु.नेहा प्रधान, कु.विनीता सुपकार, कु.अंजली नायक, कु.नुपूर पटनायक, कु.पायल डनसेना, धमेन्द्र पटेल, कु.नंदिनी यादव, कु.एकता रानी साहू, कु.ज्योति मेहर, कु.कुसुम साव, कु.मेघा श्रीवास्तव एवं कक्षा 12 वीं के मेरिट में स्थान पाने वाले कु.कुंती साव, कु.नीति पाण्डेय, शिवम साव, एकांत प्रधान और कुं.अंजलि सतपथी को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित-** इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने विभिन्न विभागों तथा संस्थाओं के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें जिला कार्यालय सहित अन्य विभागों से उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित होने वालों में नंदकिशोर सतपथी, सुनीता यादव, समय लाल काठे, शान्तनु गुप्ता, मदनलाल यादव, कु.तनिषा पटेल, अंजली सतपथी, मयंक गोयल, पवन डनसेना, एसडी महंत, कुंदन सिंह ठाकुर, कल्पना पटेल, लक्ष्मी खटेल, रिचा सिदार, एनी जैकब, कु.नैन्सी खाका, संगीता बड़ा, ममता भगत, होश कुमारी पटेल, फिरतु सिंह सिदार, डॉ.शोभित माने, चम्पा पटेल एवं प्रणिता रानी, शिव कुमार कंवर, शांति लाल यादव, चंद्रशेखर कंडरा, रूपेश कंवर, अनिल पप्पी, कलेश्वर चौहान, कुलदीप खैरवार, सरोज साहू, अंतर राष्ट्रीय ताईक्वाडो खिलाड़ी कु.भविका पाण्डेय, गौठान समिति हिर्री विकासखण्ड बरमकेला अध्यक्ष मालाकार, रोहित कुमार पटेल, प्रवीण कुमार पटेल, संतोष कुमार यादव, जिला पंचायत कार्यालय से तरूण कुमार देवांगन, विनय कुमार तोमर, कुश, विजय कुमार सिदार, रश्मि शुक्ला, यादवमणी कमलवंशी, सुश्री नीतू अग्रवाल, विद्याचंद बरेठ, लक्ष्मी प्रसाद कर्ष, संजू बड़ा, मदीना बाई सांडे, परमेश्वर, राजीव दास, खूबचंद चौधरी, तेजराम यादव, निवास द्विवेदी,परमेश्वर सिंह, , जे.एल.जांगड़े, कुंजराम बरेठ, सुदर्शन साहू, कुशल प्रसाद पटेल, सुरेन्द्र मिंज, दिनेश डनसेना, कमल किशोर, बी.एस. पैकरा, दुर्गेश सिंह, संतीश पाठक, नंदू सारथी, समुंद रनकर, देव कुमार वर्मन, मुकेश यादव, खगेश्वर नेताम, मुकेश साहू, देवेन्द्र कुमार वर्मा, दिनेश डनसेना, कमल किशोर पटेल, बी.एस. पैकरा, दुर्गेश सिंह, सतीश पाठक, नंदू सारथी, समुंदर रनकर, देव कुमार वर्मन, मुकेश यादव, खगेश्वर नेताम, मुकेश साहू, खगेश्वर नेताम, मुकेश साहू, देवेन्द्र कुमार वर्मा, सुश्री कांति पण्डा, शकुन्तला साहू, ममता सिंह, खुशबू विश्वकर्मा, गायत्री प्रधान, सीमा शाह, सुनीता वारे, कलावती पटेल, कु.पूर्णिमा, कु.रूपा पटनायक, आशा सिदार, एतवारी रात्रे, हेमलता सिंह, डी.एस.माल्या, श्याम सुंदर राठिया, विजेश्वर ङ्क्षसंह राठौर, गगन शर्मा, दीपक देवांगन, प्रेमसिंह सारथी, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार साहू, उन्नायक सेवा समिति यादव, सौरभ कुमार उइके, अमरजीत खुंटे, जितेन्द्र जोशी प्रधान, शामिल है।

**कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टर निवास में किया ध्वजारोहण-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टर निवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर, आर.के.स्वर्णकार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर रानू साहू ने स्पोर्टस काम्पलेक्स में किया ध्वजारोहण-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर रानू साहू ने आज स्पोर्टस काम्पलेक्स, रायगढ़ में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्पोट्र्स काम्पलेक्स के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, आर.के.स्वर्णकार, विजय चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व स्पोट्र्स क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# कर्तव्य के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण से ही स्वतंत्रता के मूल्य को मिलेंगे मायने-कलेक्टर, जिला कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण

### कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रायगढ़ ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर रानू साहू ने सृजन सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे। यह स्वतंत्रता हमे कड़े संघर्षों और अनगिनत कुर्बानियों के बाद मिला है। हमें सदैव इसका स्मरण रखते हुए स्वतंत्रता के मूल्यों और आदर्शों को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। आजादी के बाद से अब तक सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। हमें अपने कार्यों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता व निष्ठा से करना है। जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक हम शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा सकें। कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण से ही हम अपनी स्वतंत्रता के मूल्यों को मायने दे सकते हैं। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम अपने कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन का संकल्प लें। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैंकरा ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और स्वतंत्रता के आदर्शों का अपने जीवन और कार्यक्षेत्र में पालन की बात कही। समाज कल्याण विभाग से जगजीवन राम जांगड़े ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन हमें राजनीतिक स्वतंत्रता मिली है। लेकिन सामाजिक एवं आर्थिक समानता स्थापित करना आवश्यक है अन्यथा राजनीतिक स्वतंत्रता का कोई औचित्य नहीं रह जाता। सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि आज हम आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे है जो हम देशवासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमें सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है।

इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गीत व वक्तव्यों के माध्यम से अपनी बात रखी। कलेक्टर कार्यालय से गोविन्द प्रधान ने इस अवसर पर गीत के माध्यम से अपने विचार रखें। वहीं कृषि विभाग से डॉ.माधुरी त्रिपाठी ने अपने उदबोधन से शहीदों को नमन कर स्वतंत्रता के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480